में १ जनवरी, १९४७ से पूर्व वेतन आयोग द्वारा की गई सिफारिश कार्यान्वित कर दी गई हैं ; और

(ख) यदि नहीं, तो इस का क्या कारण है ?

शिक्षा और वैज्ञानिक गवेषणा मंत्रालय में राज्य-मंत्री (डा० का० ला० श्रीमाली) : (क) दिल्ली के सरकारी स्कूलों के मुख्याध्यापकों के वेतन-मानों के विषय मे, वेतन आयोग ने पहली जनवरी, १९४७ से पहले अपनी कोई सिफारिश नही की थी ।

(ख) प्रश्न उत्पन्न नही होता ।

Schools in Andamans

776 Shri L. Elayaperumal: Will the Minister of Education and Scientific Research be pleased to state:

(a) the number of single teacher schools which have been started in Andamans up-to-date, and

(b) how many of them are still functioning?

The Minister of State in the Ministry of Education and Scientific Research (Dr K L Shrimali): (a) and (b). The information is being collected and will be laid on the Table of the Lok Sabha in due course

दिल्ली में ग्राम पंचायतों के चुनाव

७७७. श्री नवल प्रभाकर : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रो मे ग्राम पचायतो के चुनाव कब तक हो जाने की आशा है ;

(ख) ये पंचायते कब तक कार्य करना आरम्भ कर देंगी ;

(ग) पचायतो की कुल सख्या कितनी है ; और

(घ) इन पंचायतो मे अनुसूचित जातियों के व्यक्तियों के लिये कितने स्थान सुरक्षित रखे गये हैं ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री दातार) : (क) से (ग) पचायतों के चुनाव अभी तक नही हुए है क्योंकि वोट देने वालो की योग्यताओ से सम्बन्धित दिल्ली पंचायत राज एक्ट १९५४ की ९वी धारा और दिल्ली भूमि सुधार एक्ट १९५४ की १५१वी धारा मे परस्पर विरोध है । दोनो एक्टो मं अनुरूपता लाने के लिये इन मे सशोधन करने का निश्चय किया गया है । इस के लिये ससद के इसी अधिवेशन मे आवश्यक विधान प्रस्तुत करने का विचार है ।

(घ) दिल्ली पचायत राज ऐक्ट १९५४ मे अनुसूचित जातियो के लिये सुरक्षित स्थान रखने की कोई व्यवस्था नही है ।

गणतंत्र दिवस समारोह

७७८ { श्री नवल प्रभाकर :
श्री अमर सिंह डामर :
श्री ब्रज राज सिंह :
श्री मोहन स्वरूप :
श्री बाजपेयी :
श्री मधुसूदन राव : }

क्या प्रतिरक्षा मंत्री एक ऐसा विवरण सभा-पटल पर रखने की कृपा करेंगे जिसमें निम्नलिखित जानकारी दी हुई हो :

(क) भारत सरकार द्वारा १९५१ से १९५८ तक (वर्षवार) गणराज्य दिवस के मनाने पर (मुख्य मदो के अनुसार) कितना खर्च किया गया ,

(ख) इस वर्ष गणराज्य दिवस के समारोह पर सैनिक परेड और सांस्कृतिक झांकियों को देखने के लिये दर्शको को कितने पास दिये गये ; और